इंटरनेशनल क्राफ्ट अवॉर्ड्स 2021

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के **शिल्पकार मुबारिक खत्री** को उनकी उत्कृष्ट कारीगरी और उनके **पारंपरिक शिल्प- बाघ प्रिंट में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये अंतर्राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार 2021** हेतु चुना गया है।

प्रमुख बिंदु

- यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान खत्री को **मास्टर आर्टिसन ऑफ द ईयर श्रेणी के तहत** प्रदान किया जाएगा।
- यह **पुरस्कार शिल्प ग्राम संगठन द्वारा** दिया जा रहा है। **शिल्प ग्राम विश्व शिल्प परिषद की राष्ट्रीय इकाई** है।
- अंतर्राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार के लिये लगभग 40 देशों से नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें मध्य प्रदेश के शिल्पकार मुबारिक खत्री का चयन हुआ। मुबारिक ने अपने पारंपरिक शिल्प के पुनरुद्धार पर काम किया।
- मुबारिक खत्री को उनके आधुनिक नवाचारों और बाघ के शिल्प में योगदान के लिये वर्ष **2017 के राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार के लिये भी चुना गया** था, जो आने वाले दिनों में भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन्हें प्रदान किया जाएगा।
- मुबारिक खत्री ने अपनी पारंपरिक कला को समर्पण के साथ संरक्षित किया है और सैकड़ों आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें इस शिल्प के माध्यम से अपनी आजीविका कमाने के लिये योग्य बनाया है। शिल्पकार मुबारिक खत्री ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में अपनी रचनाओं का प्रदर्शन भी किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-craft-awards-2021